# DWARIKESH SUGAR INDUSTRIES LIMITED

**Corp. off.; 511, Maker Chambers V, 221, Nariman Point, Mumbai – 400021. Tel.: 2283 2486, 2204 2945, Fax : 2204 7288**
**E Mail : dsilbom@dwarikesh.com Website : www.dwarikesh.com, CIN : L15421UP1993PLC018642**

REF: DSIL/2022-23/092 May 03, 2022

Corporate Relationship Department
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Fort, Mumbai - 400 001
Fax: 22723 2082 /3132

National Stock Exchange of India Limited
"Exchange Plaza"
Bandra – Kurla Complex,
Bandra [E], Mumbai - 400 051

**Scrip Code - 532610**

**Scrip Code – DWARKESH**

**Sub: Regulation 47, Release of Extract of the Audited Financial Results for quarter and year ended March 31, 2022**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 29, 33 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirement) Regulations, 2015 we are pleased to forward herewith the published Audited Financial Results for quarter and year ended March 31, 2022 in the following newspaper:

1. Business Standard, New Delhi Edition (English) released on May 03, 2022.

2. Shah Times, Moradabad Edition (Hindi) released on May 03, 2022.

You are requested to acknowledge the receipt of the same.

Thanking you,

Yours Sincerely

BALKISHAN JAWARILAL MAHESHWARI
Digitally signed by BALKISHAN JAWARILAL MAHESHWARI
Date: 2022.05.03 16:23:28 +05'30'

**B. J. Maheshwari**
Managing Director & CS cum CCO
DIN: 00002075

Encl: as above



*We will either find a way or make one...*

# Dwarikesh Sugar Industries Ltd

(Registered Office: Dwarikesh Nagar - 246762, District Bijnor, Uttar Pradesh)
Tel: +91 01343 267061-64, Fax no.: +91 01343 267065, email: investors@dwarikesh.com
website: www.dwarikesh.com, CIN NO. L15421UP1993PLC018642

## EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2022

(₹ In Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter ended 31.03.2022 (Audited)* | Year ended 31.03.2022 (Audited) | Quarter ended 31.03.2021 (Audited)* | Year ended 31.03.2021 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 47,496.44 | 1,97,406.14 | 59,996.37 | 1,83,884.65 |
| 2 | Net Profit for the period/year (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 8,574.16 | 21,867.48 | 6,327.91 | 11,980.21 |
| 3 | Net Profit for the period/year before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 8,574.16 | 21,867.48 | 6,327.91 | 11,980.21 |
| 4 | Net Profit for the period/year after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 5,961.12 | 15,521.55 | 4,823.12 | 9,153.83 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the periods/years [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 6,020.40 | 15,557.41 | 4,858.26 | 9,520.34 |
| 6 | Paid up Equity share capital (face value ₹ 1/- each) | 1,883.01 | 1,883.01 | 1,883.01 | 1,883.01 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet. | | 65,445.71 | | 56,008.10 |
| 8 | Securities Premium account as shown in the Audited Balance Sheet. | | 14,688.11 | | 14,688.11 |
| 9 | Net worth as shown in the Audited Balance Sheet. | | 67,328.72 | | 57,891.11 |
| 10 | Debt Equity Ratio (in times) | 0.77 | 0.77 | 1.04 | 1.04 |
| 11 | Earnings Per Share (face value of ₹ 1/- each not annualised) (for continuing and discontinued operations) - | | | | |
| | 1. Basic ₹ | 3.17 | 8.24 | 2.56 | 4.86 |
| | 2. Diluted ₹ | 3.17 | 8.24 | 2.56 | 4.86 |
| 12 | Capital Redemption Reserve (₹ in Lakhs) as shown in the Audited Balance Sheet. | | 3,862.00 | | 3,862.00 |
| 13 | Debt Service Coverage Ratio (in times) | 4.94 | 3.43 | 3.93 | 0.78 |
| 14 | Interest Service Coverage Ratio (in times) | 12.67 | 7.14 | 6.79 | 3.78 |

* The figures for the last quarter are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and the published unaudited year to date figures up to the third quarter of the financial year.

**Note:**

1 The above is an extract of the detailed format of the Quarterly Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2022 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the said results are available on the websites of BSE (www.bseindia.com) and NSE (www.nseindia.com) as well on the company's website (www.dwarikesh.com).

Sd/-
**Vijay S Banka**
Managing Director
DIN 00963355

Place : Mumbai
Date : May 02, 2022

Adfactors 37

# चोरी की कार सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर की पॉश कॉलोनियों में घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों को चोरी कर ले जाने वाले गैंग के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की हैं। शहर के मझोला थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर वाहन चोर को मझोला थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी की एक कार बरामद की गई है, जबकि आरोपी का 1 साथी मौके से भाग निकला, जिसकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। बता दें कि मझोला थाना क्षेत्र के बुद्धि विहार सेक्टर तीन में अज्ञात चोरों के द्वारा 27 अप्रैल को स्विफ्ट डिजायर कार चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया थाए इस संबंध में वाहन स्वामी ने मझोला थाने में मुकदमा दर्ज कराया थाए तो वहीं बुद्धि विहार के सेक्टर 4 में 24 अप्रैल को मारुति सुजुकी इको गाड़ी चोरी की गई थी, इको गाड़ी के वाहन स्वामी ने भी वाहन चोरी की शिकायत मझोला थाने में दर्ज कराई थीए मझोला थाना क्षेत्र में हुई दो वाहन चोरी की घटनाओं के बाद मझोला थाना पुलिस ने वाहन चोरों की तलाश शुरू कर दी थीए सीसीटीवी के माध्यम से पुलिस ने वाहन चोरों की तलाश शुरू कर दी, और इस दौरान मझोला थाना पुलिस को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब मझोला थाना पुलिस ने चौकिंग अभियान के दौरान चोरी चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार सहित एक शातिर वाहन चोर को धर दबोचा। एएसपी सागर जैन ने वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए बताया कि मझोला थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान संभल जनपद के हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला सादक सराय के रहने वाले खालिद उर्फ मुन्ना पुत्र अब्दुल अजीज को गिरफ्तार किया गया है, पकड़े गए आरोपी के पास से एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी और एक तमंचा बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपी खालिद का 1 साथी मैनाठेर थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजम वाली मिलक का रहने वाला फैसल उर्फ बॉबी मौके से भाग निकलाए जिसकी तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई है।





# राम तलैया पुलिस चौकी को लेकर रेलवे ने भेजा नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में एक और जहां अवैध कब्जों पर बाबाजी का बुलडोजर चल रहा है, तो वही रेलवे ने भी अपनी संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। इसी कड़ी में मुरादाबाद जनपद के मझोला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली रामतलैया चौकीएजोकि रेलवे कॉलोनी परिसर में स्थित हैए और रेलवे की जमीन पर बनी हुई हैए इस चौकी पर मुरादाबाद रेलवे मंडल मुख्यालय की ओर से एक नोटिस चस्पा किया गया है। मुरादाबाद रेलवे मंडल में रेलवे साउथ कॉलोनी लाइनपार में स्थित रेलवे भूमि पर संचालित अवैध पुलिस चौकी में पीपीई एक्ट 1971 के तहत कार्यवाही किए जाने के संबंध में नोटिस चस्पा किया गया है। मुरादाबाद उत्तर रेलवे के प्रवर मंडल अभियंता संपदा अधिकारी की ओर से जारी किए गए इस नोटिस में कहा गया है कि अवैध तरीके से रेलवे भूमि पर पुलिस चौकी का संचालन किया जा रहा है, जिसका पूर्व में नोटिस दिनांक 10 फरवरी 2022 री किया गया था, उक्त नोटिस के संदर्भ में संपदा अधिकारी ने पुनः सूचित किया है कि पुलिस चौकी से संबंधित दस्तावेज एवं अपना पक्ष रखने हेतु न्यायालय संपदा अधिकारी प्रवर मंडल अभियंता मुख्यालयद्ध के समक्ष दिनांक 5 मई को सुबह 11.00 बजे उपस्थित हों और अपना पक्ष रखें।संपदा अधिकारी की ओर से पुलिस चौकी राम तलैया को यह नोटिस जारी किया गया है। बता देगी मझोला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली लाइनपार में स्थित राम तलैया चौकी पहले भी इस मामले को लेकर विवाद में रह चुकी है।




# भाकियू असली ने एकमुश्त समाधान योजना लागू करने को सौंपा ज्ञापन

**बिलारी।** बिजली की किल्लत एवं बिल जमा करने पर सरचार्ज माफी की योजना लागू न करने से किसानों में रोष को देखते हुए भाकियू असली ने सरकार से एकमुश्त समाधान योजना लागू करने एवं बिजली सप्लाई बढ़ाने के लिए तुरंत उपाय करने की मांग की है। सोमवार को उपजिलाधिकारी को दिये गए ज्ञापन में चेताया गया है कि यदि एक हफ्ते के भीतर समाधान ना हुआ तो 9 मई को उप जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भाकियू असली के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी महक सिंह ने कहा कि इस समय गन्ना एवं मैंथा की फसल को सिंचाई की नितांत आवश्यकता है। बिलारी क्षेत्र में गन्ना प्रमुख फसल हैए इसके अलावा मैंथा की फसल को भी बिलारी क्षेत्र के किसान काफी मात्रा में होते हैं। इस समय दोनों फसलों को सिंचाई की बहुत आवश्यकता है यदि इस समय सिंचाई संपूर्ण रुप से ना हुई तो बिलारी क्षेत्र के किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए सरकार बिजली व्यवस्था दुरुस्त करें और नलकूप के बिल जमा कराने के लिए एकमुश्त समाधान योजना हर साल की तरह इस साल भी लाई जाए ताकि बिना ब्याज के किसान बिजली बिल जमा कर सकें। इस दौरान मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष शिव सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता भूरे सिंह भूडा बास, रणवीर सिंह, देवेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, नेमपाल सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रॉपर्टी के विवाद में दो लोगों को मारी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र नेशनल हाईवे पुराना टोल प्लाजा के पास बाइक सवार दो लोगों को कुछ लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया, हाईवे पर हुई इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है हाईवे पर 2 लोगों को गोली मारकर घायल किए जाने की जानकारी लगते ही पुलिस के अधिकारी भी जिला अस्पताल पहुंच गए और घायलों से घटना की जानकारी ली। बता दे की थाना मूढापांडे क्षेत्र निवासी गुबरु पुत्र मल्लन व उनके साथ ताजपुर निवासी मुखिया पुत्र फिदा हुसैन के साथ थाना पाकबड़ा क्षेत्र के अब्दुल रहमान पुत्र पीर बख्श जिनकी पाकबड़ा क्षेत्र में दुकान है, जिस पर उन्होंने गबरु को मिलने के लिए बुलाया था, गबरु द्वारा बताया गया कि अब्दुल रहमान से उनका जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और उनके 29 लाख रुपये है, जिस पर आज बात करने के लिए उन्हें थाना पाकबड़ा क्षेत्र में बुलाया गया थाए लेकिन बात ना बनने के बाद दोनों वापस मुंडा पांडे क्षेत्र को लौटने लगे, आरोप है कि पुराने टोल टैक्स के आगे दो बाइक सवार लोगों ने उनपर फायरिंग कर दी जिससे बाइक चला रहे मुखिया और गबरु को पैर में गोली लग गई, जिसके बाद तुरंत एंबुलेंस द्वारा दोनों युवकों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मुरादाबाद लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा दोनों युवकों का उपचार किया जा रहा है।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व सौर ऊर्जा दिवस

**मुरादाबाद (शाह टाइम्स संवाददाता)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन कौंसिल (आईआईसी) की ओर से विश्व सौर ऊर्जा दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को सौर ऊर्जा की उपलब्धता और उपयोगिता के लिए जागरुक किया गया। इस अवसर पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्कूल के विभिन्न विभागों की 12 टीमों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों तथा विजेताओं को विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो संजीव अग्रवाल ने अपनी शुभकामनाएं दीं तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो इंतेजार मेहदी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कार्यक्रम के समन्वयक व असिस्टेंट प्रोफेसर मृगेंद्र अम्ब, डा शालू के अतिरिक्त असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री दीपाली, वासुदेव, सुश्री प्रियंका त्रिपाठी, हेमन्त मिश्र, धर्मराज, संजय यादव के अतिरिक्त प्रतिभाग करने वाले 50 विद्यार्थी मौजूद रहे।

# बाइक पर जा रहे युवक पर किया हमला, बचाने गए पिता को भी पीटा

**कुन्दरकी।** मामला मैनाठेर थाना क्षेत्र के नागलिया मशकुला का है। गांव के रहने वाले राजेन्द्र पुत्र शिवजी का आरोप है। देर शाम उनका पुत्र अजय अपनी बाइक से जा रहा था तभी रास्ते मे राहुल, मान सिंह, सुरेंद्र, चमन पुत्र घासी ने उसे रास्ते मे रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी जैसे ही पीड़ित बचाने पहुंचा तो उसकी भी साथ मारपीट की और उसे बेहोश कर दिया पीड़ित की लड़कियों ने किसी तरह पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय की प्रो. वर्षा तिवारी एवं प्रो. अभिषेक तिवारी का ग्रांट हुआ इंडियन पेटेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी एकेडमी में कार्यरत प्रो0 वर्षा तिवारी एवं प्रो0 अभिषेक तिवारी का इंडियन पेटेंट बार बेरिस बलगेरिस नामक पौधे को लेकर किए गये शोध.कार्य पर भारत सरकार द्वारा ग्रांट किया गया है। प्रो0 तिवारी द्वारा किए गए शोध.कार्य को पहले पेटेंट के रूप में प्रकाशित किया गया था, तत्पश्चात् शोध. कार्य की गुणवत्ता को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार की विभिन्न समितियों द्वारा जांचा.परखा गया और अप्रैल, 2022 के अंत में इसके ग्रांट करने की अनुमति प्रदान की गई। पूर्व में भी प्रो0 तिवारी की फार्मेसी क्षेत्र में लगभग 13 वर्षों की कार्यावधि में 04 ऑस्ट्रेलियन व 01 इंडियन पेटेंट ग्रांट तथा 07 पेटेंट प्रकाशित हो चुके हैं। साथ ही उनके विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में 40 शोध.पत्र भी प्रकाशित हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रो0 तिवारी 02 फार्मेसी सोसाइटीज व 05 जर्नल्स के एडिटोरियल बोर्ड्स के सदस्य भी हैं। प्रो0 वर्षा तिवारी एवं प्रो0 अभिषेक तिवारी की इस उपलब्धि के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। फार्मेसी संकाय के डीन प्रो0 नवनीत वर्मा ने भी सराहना करते हुए प्रो0 वर्षा तिवारी एवं प्रो0 अभिषेक तिवारी को बधाई दी।



प्रो. वर्षा तिवारी



# प्रतिबंधित पशुओं का वध करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के लालपुर गंगाबारी में पुलिस द्वारा दबिश देकर प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष व काटने के उपकरणों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दरअसल मैनाठेर थाना क्षेत्र के लालपुर गंगवारी में लंबे समय से कुछ लोग जंगल में प्रतिबंधित पशुओं को काटकर उसका मांस बेचने का काम कर रहे थे पुलिस को जैसे ही मुखबिर से जानकारी मिली तो पुलिस ने मौके पर दबिश दी पुलिस को देख कर आरोपी मौके से फरार हो गए जिस पर पुलिस ने दो की पहचान कर ली है। जिसमें एक का नाम फरीद पुत्र अजीम कुरेशी, व जैनुल पुत्र कल्लू बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है पुलिस का कहना बहुत जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ईदगाह पर सुबह 8 बजे होगी ईद उल फितर की नमाज

**कुंदरकी।** आज कल मंगलवार को ईद उल फितर की नमाज हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। ईदगाह पर उसके अलावा मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की जाएगी मंगलवार की सुबह 8: बजे ईदगाह पर नमाज अदा होगी लोगों से 7:30 बजे तक ईदगाह पर पहुंचने की अपील की है इमाम कारी अनीस राजा अजहरी ईद उल फितर नमाज अदा कराएंगे नगर के मोहल्ला सादात स्थित शिया समुदाय मौलाना आफाक जैदी ईद उल फितर की नमाज 8:00 बजे अदा कराएंगे,। जबकि नगर की बड़ी मस्जिद आलाहजरत में ईद उल फितर की नमाज मुफ्ती रशीद अफकी 8:15 बजे नमाज अदा कर आएंगे मुगलों वाली मस्जिद में मौलाना कारी मोहम्मद कासिम ईद उल फितर की नमाज अदा कराएंगे ईद उल फितर की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी पूर्ण तैयारी कर ली है। कराएंगे दूसरी और ईद की तैयारी को लेकर आज लोगों ने जमकर खरीदारी की।

# ईदगाहों को पालिकाध्यक्ष और ईओ ने साफ सफाई का किया निरीक्षण


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ईद-उल फितर के त्योहार पर नवाजी ईदगाहो पर पहुंचकर मंगलवार को नवाज अदा मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुंआ करेगे। ईदगाहों पर साफ सफाई व पेयजल की व्यवस्था की उचित व्यवस्था को मददेनजर रखते हुए सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष हाजी लियाकत हुसैन और अधिसासी अधिकारी पुनीत कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान नगर में सुरजननगर मार्ग स्थित ईद गाह, मोहल्ला जमनावाला स्थित ईदगाह, मोहल्ला धोबियान मार्ग स्थित ईदगाह व मैनबाजार में पहुंचकर ईद गाहो के आसपास व रास्तो की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबधित कर्मचारियों को ईदगाह ,मैन् बाजार,मीना बाजार आदि स्थानों पर फॉगिंग करने, ईदगाहो पर वाटर टेंकर खड़े करने ,जलापूर्ति ,व नगर मे विशेष सफाई करा कर चूना पाउडर का छिड़काव के निर्देश दिये । इस मौके पर सफाई नायक राकेश हमराही, ,आकेश, राजकुमार, जलकल सुपरवाइजर, मो०हफिज, चंचल कुमार आदि मौजूद रहे।



## संबंध विच्छेद सूचना

मैने अपने पुत्र अमित कुमार व उसकी पत्नी निधि द्वारा आए दिन विभिन्न तरीकों से मानसिक व शारीकि रूप से प्रताडिघ्त करते हुए डरा धमका कर सम्पत्ति व रूपये हड़पने का प्रयास करने और गलत व्यक्तियों की संगत में पड़ने के कारण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए संबध विच्छेद कर लिये है। उनके किसी भी कृत्यों की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नही होगी। धर्मवीर सिंह पुत्र गन्नू सिंह निवासी- ग्राम कमालपुरी खालसा ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।



We will either find a way or make one...

## द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(पंजीकृत कार्यालय: द्वारिकेश नगर-246762, जिला: बिजनौर, उत्तरप्रदेश), फोन नं: +91 01343 267061-64, फैक्स नं: +91 01343 267065, ईमेल: investors@dwarikesh.com, वेबसाइट: www.dwarikesh.com
सीआईएन: L15421UP1993PLC018642

**31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही तथा सालाना लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

(₹ लाख में)

| क्रम संख्या | विवरण | 31.03.2022 को समाप्त तिमाही (लेखापरीक्षित)* | 31.03.2022 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) | 31.03.2021 को समाप्त तिमाही (लेखापरीक्षित)* | 31.03.2021 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालन से कुल आय (सकल) | 47,496.44 | 1,97,406.14 | 59,996.37 | 1,83,884.65 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक तथा/या असाधारण मदों से पूर्व) | 8,574.16 | 21,867.48 | 6,327.91 | 11,980.21 |
| 3 | कर पूर्व, अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक तथा/या असाधारण मद उपरांत) | 8,574.16 | 21,867.48 | 6,327.91 | 11,980.21 |
| 4 | कर उपरांत, अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक तथा/या असाधारण मद उपरांत) | 5,961.12 | 15,521.55 | 4,823.12 | 9,153.83 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर उपरांत) तथा अन्य व्यापक आय (कर उपरांत)) | 6,020.40 | 15,557.41 | 4,858.26 | 9,520.34 |
| 6 | पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (₹1/- रुपए अंकित मूल्य प्रति) | 1,883.01 | 1,883.01 | 1,883.01 | 1,883.01 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर) लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाए गए | | 65,445.71 | | 56,008.10 |
| 8 | सिक्योरिटीज प्रीमियम अकाउंट जैसा कि ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | 14,688.11 | | 14,688.11 |
| 9 | निवल मूल्य (₹ लाख में) जैसा कि ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | 67,328.72 | | 57,891.11 |
| 10 | ऋण इक्विटी अनुपात (समय में) | 0.77 | 0.77 | 1.04 | 1.04 |
| 11 | प्रति शेयर आय (₹1/- रुपए अंकित मूल्य वार्षिक नहीं) (चले रहे तथा बंद प्रचालनों के लिए) | | | | |
| | 1. मूल (₹) | 3.17 | 8.24 | 2.56 | 4.86 |
| | 2. तनुकृत (₹) | 3.17 | 8.24 | 2.56 | 4.86 |
| 12 | कैपिटल रिडेम्पशन रिजर्व (₹ लाख में) जैसा कि ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | 3,862.00 | | 3,862.00 |
| 13 | ऋण सेवा कवरेज अनुपात (समय में) | 4.94 | 3.43 | 3.93 | 0.78 |
| 14 | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (समय में) | 12.67 | 7.14 | 6.79 | 3.78 |

* पिछली तिमाही के आंकडे संतुलित वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित किए गए आंकडों के आधारभूत आंकडे हैं और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित अवांछित वर्ष तक प्रकाशित आंकडे हैं

टिप्पणी :
1. उपर्युक्त, सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षा) विनियम, 2015 के विनियम 33 तथा विनियम 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही तथा सालाना के लिए फाइल किए गए वित्तीय परिणाम के विस्तृत प्रपत्र का उद्धरण है। उपर्युक्त परिणामों का पूर्ण प्रपत्र बीएसई की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा एनएसई वेबसाइट (www.nseindia.com) के साथ ही साथ कंपनी की वेबसाइट (www.dwarikesh.com) पर उपलब्ध हैं।

ह/-
विजय एस. बांका
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00963355

स्थान: मुंबई
दिनांक: 02 मई, 2022

Adfactors 37